

अमीर बनने के चक्कर में गंवायी जमापूंजी

# डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, आईटी कर्मियों को लगाया 700 करोड़ का चूना

## 15 हजार से ज्यादा लोग हुए ठगी का शिकार

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। (ईएमएस)। ऑनलाइन फर्जीवाड़े की ऐसी दुकान चल रही है कि इंजीनियर हों या डॉक्टर हर प्रोफेशन के लोग इसमें फंस रहे हैं। अब फिर ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां चाइनीज ऑपरेटर ने 15 हजार से ज्यादा लोगों को झांसे में लेकर 700 करोड़ रुपये से ज्यादा का चूना लगाया। यह पूरा फर्जीवाड़ा सिर्फ आसान तरीके से पैसे कमाने का झांसा देकर किया गया है। मामला उजागर होने पर पता चला है कि लाखों में कमाने वाले सॉफ्टवेयर कर्मचारी भी इसके झांसे में आ गए हैं। हैदराबाद पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद का कहना है कि साइबर ठग लोगों को बहुत आसान तरीके से पैसे कमाने का झांसा देते हैं। इसमें यूट्यूब वीडियो को लाइक करने और गूगल रिव्यू लिखने जैसा काम दिया जाता है। क्रिप्टोवॉलेट फ्रॉड के द्वारा चाइनीज ऑपरेटर्स ने अब तक करीब 712 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा किया है। मामले में अभी तक देश के अलग-अलग क्षेत्र से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें से कई क्रिप्टोवॉलेट ट्रांजेक्शन हिजबुलाह वॉलेट के जरिये किए गए जो आतंकी फंडिंग मॉड्यूल से जुड़ा था। पुलिस ने बताया कि यह बहुत शॉकिंग है कि लाखों रुपये का पैकेज पाने वाले इंजीनियर्स भी इनके झांसे में आ जाते हैं। इस पूरे फर्जीवाड़े में अहमदाबाद निवासी एक भारतीय भी शामिल बताया जाता है, जिसका कनेक्शन चीन से है। यह व्यक्ति चीन में बैठे लोगों के लिए भारतीय अकाउंट को ऑपरेट करता था और ओटीपी आदि भेजता था। इस व्यक्ति ने करीब 65 खातों की डिटेल चीनी नागरिकों को दी जिससे कुल 128 करोड़ रुपये निकाले गए।


**चीन से किया ऑनलाइन फर्जीवाड़ा, 9 अरेस्ट**

### चरवाहे ने दी थी कारगिल में घुसपैठ की खबर

जम्मू, 26 जुलाई (आज समाचार सेवा)। करगिल घुसपैठ की खबर किसी गुप्तचर एजेंसी ने सेना को नहीं दी थी बल्कि याक खोजने गए एक चरवाहे ने इसका पता लगाया था। दो मई 1999 को नामग्याल अपना याक खोजने गया था। बर्फ में उसने कुछ निशान पाए जो याक के नहीं बल्कि इंसान के थे। कुछ दूरी पर उसने पांच-छह लोगों को देखा जो स्थानीय लोगों के लिबास में थे। नामग्याल को उनके घुसपैठी या आतंकी होने का शक हुआ। उसने तुरंत पंजाब बटालियन के हवलदार बलविंदर सिंह को सूचना दी। बलविंदर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाने पर वे नामग्याल के साथ उस जगह गए जहां दुश्मन की गोली का शिकार हो गए। इन पांच-छह लोगों को देखकर नामग्याल को लगा कि कुछ तो गड़बड़ होने वाला है। नामग्याल का शक बाद में सही निकला, जब सप्ताह भर में ही करगिल घुसपैठ के खिलाफ भारतीय सेना को अभियान शुरू करना पड़ा।

# अब कोहिनूर लेकर ही वापस आयेंगे

## पहले अंग्रेज बोलते थे, अब हम बोल रहे



लंदन,26 जुलाई। भारत में बागेश्वर धाम के नाम से मशहूर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों लंदन में कथा सुना रहे है। साथ ही इंग्लैंड में भी बाबा का दिव्या दरबार लग रहा है। कथा सुनाने के दौरान धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने अंग्रेज भक्तों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। दरबार में उनके अंग्रेज भक्त अंग्रेजी में सवाल कर रहे हैं। इस दौरान बाबा की एक क्लिप सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिसमें वह ब्रिटेन से कोहिनूर हीरा लेकर भारत वापस आने की बात कर रहे हैं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, दरबार में कथा सुनाते वक्त पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बताते हैं कि लगातार भारत से कॉल आ रहे हैं और लोग पूछ रहे हैं कि आप कब लौट रहे हैं। जिसपर मैं कह चुका हूं कि मेरा मन ब्रिटेन में लग गया है। चिंता मत करो कोहिनूर हीरा लेकर ही वापस आयेंगे। इतना ही नहीं, इतिहास का जिक्र करते हुए बाबा भक्तों से कहते हैं कि पहले अंग्रेज भारत में आकर बोलते थे और हमारे दादा सुनते थे। आज हम बोल रहे हैं और इन्हें हमारी बात सुननी मजबूरी है। बता दें कि कोहिनूर को दुनिया का सबसे मशहूर और बेशकीमती हीरा माना जाता है. इसको लेकर भारत हमेशा से दावा करता आया है। मौजूदा समय में कोहिनूर ब्रिटिश ताज का गौरव है और इसे लंदन के टॉवर में रखा गया है। इस वक्त कोहिनूर हीरा ब्रिटेन के राजपरिवार के पास मौजूद है। समय समय पर कोहिनूर हीरे को वापस भारत लाने की मांग उठती रहती है। गौरतलब है कि इन दिनों पंडित धीरेन्द्र शास्त्री लंदन में हैं, जहां लेस्टर में उनकी कथा हो रही है. लेस्टर में पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की कथा 22 जुलाई से शुरु हुई है जो 28 जुलाई तक चलेगी।

**लंदन में कथा सुना रहे हैं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री**

# पति ने पत्नी सहित सास-ससुर को मार डाला

## 9 माह के बच्चे को गोद में लेकर किया सरेंडर

गुवाहाटी, 26 जुलाई। (ईएमएस)। असम के गोलाघाट जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां लॉकडाउन में शुरू हुई लव स्टोरी में तीन लोगों की हत्या का मामला आया है। आरोपित युवक ने अपनी पत्नी और सास-ससुर की निर्ममता से हत्या कर दी। इसके बाद अपने 9 माह के बच्चे को गोद में लेकर पुलिस के पास सरेंडर करने पहुंच गया। 25 वर्षीय नजीबुर रहमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, योग्यता से इंजीनियर नजीबुर और संघमित्रा लॉकडाउन के दौरान जून 2020 में फेसबुक पर एक-दूसरे के संपर्क में आए। कुछ माह में दोस्ती प्यार में बदल गई और उसी साल अक्टूबर में दोनों भागकर कोलकाता चले गए। इसके बाद संघमित्रा के माता-पिता उस वापस घर ले आए, लेकिन संघमित्रा ने पहले ही कोलकाता की अदालत में नजीबुर से शादी कर ली थी। पुलिस ने कहा कि जमानत मिलने के बाद वह अपने माता-पिता के घर लौट आई। जनवरी 2022 में, संघमित्रा और नजीबुर फिर से भाग गए, इस बार चेन्नई चले गए, जहाँ वे पांच महीने तक रहे। जब दंपति अगस्त में गोलाघाट लौटे, तब संघमित्रा गर्भवती थी। पुलिस ने कहा कि वे नजीबुर के घर पर रहने लगे और पिछले नवंबर में उनका एक बेटा हुआ। हालांकि, चार महीने बाद, इस साल मार्च में, संघमित्रा ने अपने नवजात बेटे के साथ नजीबुर का घर छोड़कर अपने माता-पिता के घर चली गई। संघमित्रा ने नजीबुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर नजीबुर को गिरफ्तार कर लिया गया। 28 दिनों के बाद नजीबुर को जमानत पर रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आने के बाद नजीबुर अपने बच्चे से मिलना चाहते थे, लेकिन संघमित्रा के परिवार ने उन्हें मिलने नहीं दिया। सोमवार दोपहर को, जब दोनों पक्षों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया, तब नजीबुर ने अपनी पत्नी संघमित्रा और उसके माता-पिता की हत्या कर दी।

**लॉकडाउन की लवस्टोरी का भयावक अंत**



### राघव चड्ढा के सिर पर बैठा कौआ, बीजेपी ने कसा तंज

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। संसद परिसर में मंगलवार को आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा के ऊपर कौआ बैठ गया। राघव उस समय फोन पर बात कर रहे थे। वे मानसून सत्र से वापस लौट रहे थे, तभी ये घटना हुई। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें देखा जा सकता है कि राघव कौआ के हमले से बचने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राघव की तस्वीरें ट्वीट करते हुए तंज कसा। उन्होंने लिखा कि झूठ बोले कौआ काटे। आज तक सिर्फ सुना था, आज देख भी लिया कौवे ने झूठे को काटा। राघव ने भी जवाब देते हुए कौवे की तुलना भारतीय जनता पार्टी से कर डाली।

# बिना स्पर्म और एग के लैब में पैदा होंगे बच्चे

## ट्रांसजेंडर भी अपने बच्चे पैदा कर सकेंगे

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। (ईएमएस)। अभी तक शिशु पैदा करने के लिए स्पर्म और एग की जरूरत होती थी। अब यह जरूरत खत्म हो गयी है। एक नई तकनीकी ईजाद की गई है। जिसमें लैब में बिना स्पर्म और बिना एग के शिशु को विकसित किया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि नवीन तकनीकी से मानव शिशु बिना स्पर्म या बिना ओवम के लैब में ही तैयार किये जा सकेंगे। जो दंपत्ति इनफर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे हैं। नवीन तकनीकी से उन्हें शिशु पैदा करने में मदद मिलेगी। नवीन तकनीकी में ट्रांसजेंडर कपल्स के भी काम आयेगी। इस नई तकनीकी का नाम आईवीजी (इन-विट्रोगेमेटोजेनेसिस) रखा गया है। कैलिफ़ोर्निया के स्टार्टअप, कंसेपशन और कई अन्य लेबोरेटरी इस शोध में शामिल हैं। आईबीजी तकनीकी में इंसान के खून या स्किन से कोशिका लेकर उसे रिप्रोग्राम करके विकसित करने की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। इसे इंडयुस्ड प्लूरीपोटेंट स्टेम सेल्स भी कहा जाता है। इस तकनीकी से तैयार सेल्स को एग और स्पर्म में तब्दील किया जा सकता है। यह सब आईवीएफ तकनीकी से संभव हो गया है। 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं जो प्राकृतिक रूप से गर्भधारण नहीं कर पाती हैं। अन्य किसी कारण से गर्भ में भ्रूण कंसीव नहीं कर पाती हैं। उनके लिए इस तकनीकी के माध्यम से अब शिशु पैदा करना आसान हो गया है। इस तकनीकी से अब ट्रांसजेंडर भी अपने बच्चे पैदा कर सकेंगे।

### जीन थेरेपी के इलाज से दृष्टिहीन को मिली रोशनी

वाशिंगटन,26 जुलाई। (ईएमएस)। अमेरिका में जीन थेरेपी की मदद से एक दृष्टिहीन युवक को नयी रोशनी मिल गई है। 14 साल के एंटोनियो कारदयाल को जन्म से ही डिस्ट्रोफिक एपिडर मॉलाईसिस बुलासो की दुर्लभ बीमारी थी। शरीर पर फफोले पड़ने के बाद आंखों की रोशनी चली गई थी। पिछले वर्ष क्लीनिक ट्रायल का हिस्सा बना। जिसमें पहली बार टॉपिकल जीन थेरेपी का परीक्षण किया गया। इलाज करने के बाद इसके फफोले ठीक होने लगे। इलाज कर रहे डॉक्टर अल्फासों साबाटेर ने दवा में बदलाव कर आंखों पर प्रयोग किया। अल्फांसो ने आई ड्रॉप तैयार कर कारदयाल की आंखों में अजमाया। प्रयोग पूरी तरह सफल रहा।

### सांस लेने और पसीना बहाने वाला रोबोट तैयार

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। (ईएमएस)। अमेरिका की एक कंपनी ने थरमेट्रिक्स ने अब एक ऐसा रोबोट तैयार किया है। जो सांस भी ले सकता है। परिश्रम करने पर उसका पसीना भी बहेगा। उसे ठंड का भी एहसास होगा। इसे स्वेटी रोबोट नाम दिया गया है। इस रोबोट में कुछ ऐसे फीचर जोड़े गए हैं। जो उसे एक इंसान होने का एहसास कराते हैं। रोबोट में स्क्रीन की 35 लेयर तैयार की गई है। इसी के कारण उसे इंसानों जैसा पसीना आता है।कंपनी ने अभी प्रायोगिक तौर पर 10 रोबोट बनाए हैं। शोधकर्ता के अनुसार इस रोबोट की मदद से विभिन्न आयु वर्ग पर तापमान के प्रभाव को समझने मैं मदद मिलेगी। कुछ छोटे रोबोट भी बनाए गए हैं। जो बच्चों की हेल्थ कंडीशन को समझने में मददगार साबित होंगे। आधुनिक दुनिया का यह रोबोट पहला मशीनी मानव होगा।

# फिल्म इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं

## फ्लाइट में हुई छेड़खानी पर फूटा उर्फी का गुस्सा



मुंबई, 26 जुलाई। एक्ट्रेस उर्फी जावेद अक्सर विवादों में रहती हैं। अपने अतरंगी फैशन स्टेटमेंट के चलते वो ट्रोलिंग का शिकार हो जाती हैं। हालांकि, इस बार जब उर्फी जावेद गोवा जा रही थीं तो उनके साथ कुछ लड़कों ने कथित तौर पर मिसबिहेव किया। इसकी वजह से उर्फी काफी नाराज हो गयी थीं। उर्फी ने इंस्टाग्राम पर उस घटना का वीडियो शेयर करके लिखा- पब्लिक फिगर हूं, किसी की पब्लिक प्रॉपर्टी नहीं। उन्होंने कहा, वो लोग मुझे अलग-अलग नाम से बुला रहे थे और कमेंट कर रहे थे कि ये तो बिना कपड़ों के रहती है, अरे इसने आज कपड़े पहने है। मैं ये देखकर शांत रही क्योंकि मैं फ्लाइट में माहौल खराब नहीं करना चाहती थी। लेकिन जब उनमें से एक लड़का मेरे पास आया और मेरे साथ मिसबिहेव करने लगा तो मेरा पारा चढ़ गया। आगे उर्फी ने कहा, मुझे इस सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुझे लगता है कि मुझसे ज्यादा सोसायटी को इससे फर्क पड़ना चाहिए। जहां लड़के, लड़कियों को छेड़ रहे हैं। उनके साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं। और आसानी से घूम रहे हैं। उनका बहाना था कि वो नशे में थे। लेकिन अगर वो नशे में थे तो मैं इसकी सजा क्यों फेस करूं। उर्फी ने आगे बताया, मैं सॉफ्ट टारगेट हूं. क्योंकि मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। बॉलीवुड में मेरा कोई कनेक्शन नहीं है।



# जो बाइडेन का खूंखार कुत्ता सीक्रेट सर्विस के अफसरों के लिए बना खतरा

## बीते एक साल में अबतक दस बार काटा

वाशिंगटन, 26 जुलाई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कुत्ते कमांडर ने अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को कम से कम 10 बार काटा है । वाशिंगटन स्थित रूढ़िवादी समूह ज्यूडिशियल वॉच के हाथ लगे ईमेल में बताया गया कि एक अधिकारी को कमांडर ने बाजू और जांघ पर काट लिया था, उसे व्हाइट हाउस की मेडिकल टीम अस्पताल लेकर गयी। 2 साल के कमांडर को व्हाइट हाउस में अपने नए परिवेश में ढलने में परेशानी हो रही है। बाइडेन के जर्मन शेफर्ड नस्ल के कुत्ते ने एक अन्य एजेंट को बायीं जांघ पर काट लिया था।उस वक्त कंमाडर प्रथम महिला जिल बाइडेन के साथ घूम रहा था। ईमेल के अनुसार, अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक कंमाडर के काटने की छह घटनाएं ऐसी थी जिनमें अधिकारियों को मेडिकल हेल्प की जरूरत पड़ी थी। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एलिजाबेथ अलेक्जेंडर के अनुसार व्हाइट हाउस परिसर परिवार के पालतू जानवरों के लिए एक अलग तरह का और तनावपूर्ण वाली जगह है और बाइडन परिवार इस स्थिति को सभी के लिए बेहतर बनाने के तरीकों पर काम कर रहा है।

**स्थिति को बेहतर बनाने की कोशिश में अमेरिकी राष्ट्रपति**

आज हिन्दी दैनिक
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें 9936 698 307

आवश्यकता
परमानेन्ट नौकरी सर्वे (फील्ड) कार्य ऑफिस विस्तार हेतु लड़के लड़किया चाहिए
उम्र 18 से 23 वर्ष तक योग्यता 8वीं , 10वी
आय 7800/- से 9500/- से शुरू बोनस मेडिकल
आवास (ट्रेनिंग भी मिलेगी) कार्य समय 9 AM To 5 PM
कोई खर्चा नहीं एवं बाइक जरूरी नही
जरूरतमंद ही मिलें 11 am से 3 pm तक बायोडाटा के साथ मिलें
पता: पंजाबी कालोनी, पीलीकोठी पावर हाउस के सामने, बाँदा
जल्द सम्पर्क करें 7985505658

डिप्लोमा इन आप्टोमीट्री (नेत्र सहायक)
प्रवेश प्रारम्भ
उ.प्र. सरकार एवं मेडिकल फैकल्टी द्वारा मान्यता प्राप्त
पात्रता– इण्टरमीडिएट विज्ञान
कोर्स अवधि –2 वर्ष
छात्रावास उपलब्ध छात्रों के लिए नि:शुल्क)
माधव नेत्र केन्द्र जी0टी0 रोड अवधपुरी कानपुर – 208024
सम्बद्ध:– यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ सेन्टर कोड– 683
सम्पर्क सूत्र:– 9453027540, 9336850875

ROYAL SECURITY SERVICES
INVESTIGATION & INTELLIGENCE
आवश्यकता है - भारी मात्रा में गार्ड, गनमैन की
OFFICE : 120/611, IIND FLOOR, LAJPAT NAGAR, KANPUR-208005
Mob.: 7084212999, 7084213999, 7084215999
www.royalsecurityservicesup.com

बवासीर/फिशर
एक इंजेक्शन में खत्म
भगन्दर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
होटल अम्बे पैलेस, परमानन्द चौराहा, रोडवेज बस स्टैण्ड के पास, महोबा हर माह की 2 एवं 3 तारीख को
शाहविला पैलेस, बस स्टैण्ड के सामने, छतरपुर (म.प्र.) हर माह की 12 व 13 तारीख को
श्री होटल अम्बेडकर चौराहा बस स्टैण्ड के पास, झांसी हर माह की 1 व 11 तारीख को
डॉ. पी.सी. बाथम (B.A.M.S.)
8878607919, 9425712166

पाइल्स रोग विशेषज्ञ
बवासीर हाइड्रोसील
एक इंजेक्शन से खत्म
एक बार अवश्य मिलें
डा. डी. कुमार
होटल खंजन, फजलगंज, चौराहा, कानपुर
मो. 9838978280, 9651901674 (मरीज सिर्फ रविवार को मिलें)

शादी के पहले या शादी के बाद
मर्दाना कमजोरी आदि समस्त गुप्त रोगी मिलें
40 वर्षों पुराना विश्वसनीय दवाखाना
कुमार मेडिकल हाल
जूही गौशाला, हमीरपुर रोड, कानपुर
व प्रत्येक मंगलवार पनकी स्टेशन, कानपुर
Mo.: 8299776416

आज हिन्दी दैनिक
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें 9936 698 307

स्थापित वर्ष–2016
भारत सरकार द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त
पं.रामचरन पाण्डेय iti
प्रवेश प्रारम्भ
प्राइवेट आई.टी.आई.
लिमिटेड सीट्स
प्रबन्धक संजय पाण्डेय
ट्रेड इलेक्ट्रीशियन व फिटर
Total Fee:- 30,000/-Two year*
ptrcpandeypvtiti.com
ptrcpiti@gmail.com
Mo.9936575810
9455642128
7007413254
पता–187–बी, मछरिया, कानपुर

सामूहिक विवाह
हेतु सर्वजातीय –
विधवा, विधुर, तालाकशुदा
एसिड पीडिता, गरीब, बेसहारा
विकलांग वर/वधू सम्पर्क करें।
दुर्गेश नागर
9169465784
8299642710

कैन्सर लाइलाज नहीं!
बशर्ते इसे छेड़िये नहीं छेड़ने से इसका रूप उग्र और भयानक हो जाता है
कैन्सर जानने का आपको उतावलावन का मतलब धन और जीवन दोनों की बर्बादी
कैन्सर चाहे गाँठ के रूप में हो, या घाव के रूप में, तब तक सुस्त है जब तक छेड़ा नहीं जाता, छेड़ने के बाद ही जीवन गया हाथ से, केवल बचेगा कागज का एक टुकड़ा, जिसमें लिखा होगा यह कार्सीनोमा है' फिर सिलसिला शुरू होता है धन और जीवन के साथ खिलवाड़ का। कैन्सर का एक मात्र विकल्प है, होम्योपैथिक दवायें, आणविक शक्ति, अकाटय और अटूट शक्ति, जीवन शक्ति, रोग को समूल समाप्त करने की शक्ति, ईश्वरीय शक्ति, जीव और जीवन की रक्षा शक्ति, अपार और अखण्ड शक्ति। केवल जरूरत है क्षमतावान चिकित्सक की। यदि आप इनके से किसी स्तर से गुजर रहें तो मिलिये कैन्सर रोग विशेषज्ञ डा. एस. पाण्डेय से।
होम्योपैथिक कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च संस्थान
स्व डॉ सी.एस. पाण्डेय (B.H.M.S., AMIIH)
डॉ संजय पाण्डेय
(B.H.M.S.)
ब्रेन ट्यूमर, ब्लड कैंसर व सभी प्रकार के कैंसर रोग
कृष्णा नगर चौराहा, श्री नागर जी इण्टर कालेज के सामने, जी.टी.रोड, कानपुर
मंगलवार क्लीनिक बन्द है
समय 10:00 से 2:30
मो. 9838104847, 9839159598, 9140866405

Estd 2007
Chaudhary Ram Gopal Singh Law College
BA-LLB LLB
आवश्यकता है प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की
Mohan Puram, Meherban Singh ka Purva, Kanpur
0512-2683683, 7355102926

SINCE 2011
कौशलं बलम्
RATAN I.T.I
(N.C.V.T.) APPROVED
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
9935611185, 7905104447, 6393477048
प्रवेश प्रारम्भ
Placement Facility
फिटर
इलेक्ट्रीशियन
कटिंग एवं स्वीइंग
चकेरी मोड, कानपुर नगर
Near AVA Celebration
rataniti.pvt@gmail.com
rataniti.kanpur @rataniti.kanpur